तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 24.0° | 35.0° |
| इंदौर | 24.0° | 34.0° |
| जबलपुर | 25.0° | 36.0° |
| ग्वालियर | 30.0° | 41.0° |
| सागर | 25.0° | 35.0° |

# नईदुनिया

वर्ष- 80
(भोपाल: वर्ष 41 अंक 208, पृष्ठ 12)
ज्येष्ठ, शुक्ल त्रयोदशी संवत् 2083
शनिवार, 27 जून 2026
कीमत: 3:00 रुपये

www.naiduniaonline.com — भोपाल संस्करण — भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित



**राजधानी...** भारतीय हॉकी टीम में बढ़ता प्रदेश का प्रतिनिधित्व ...


**खेल...** लंदन जैनिक सिनर विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर उतरते ...


**व्यापार...** खरीफ फसलों पर संकटः महाराष्ट्र और तेलंगाना...


**देश-विदेश...** नेपाल : सत्तारूढ़ दल के सांसद ने पार्टी के ...

## हे राम...



# चढ़ावा चोरी का 'महापाप'

## चंपत राय और अनिल मिश्रा ने दिया इस्तीफा

▶▶ **आठ आरोपियों को 14 दिनों के लिए जेल भेजा**



**नईदुनिया ब्यूरो, अयोध्याः** राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। मंदिर निर्माण प्रभारी गोपाल राव को भी मंदिर की व्यवस्थाओं से अलग कर दिया गया है। शुक्रवार को आठ आरोपियों का चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने सभी को 14 दिन की न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू, लवकुश मिश्रा, अनुकल्प मिश्रा, मनीष यादव, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडेय, सुभाष चंद्र श्रीवास्तव और रमाशंकर मिश्रा शामिल हैं।

### आस्था से खिलवाड़ स्वीकार्य नहीं: योगी




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आस्था के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। सनातन के मूल्यों को ठेस पहुंचाने वालों के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करेगी। जो लोग आक्षेप लगा रहे हैं वो भगवान राम को नकार चुके थे, कहते थे राम हुए ही नहीं।

### महापापियों को भगवान कठोर दंड दे: केजरीवाल



अरविंद केजरीवाल ने कहा– हमने भगवान से प्रार्थना की कि जिन भी लोगों ने इस तरह का महापाप किया है, उन्हें भगवान कठोर से कठोर दंड दे। एफआईआर जो हुई है, वो केवल एक दिखावा है। छोटे कर्मचारियों को गिरफ्तार कर बड़े लोगों को बचाने की कोशिश की जा रही है।

### कोई जांच के दायरे से बाहर नहीं: आलोक कुमार



विहिपअध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि चंपत राय हों या अनिल मिश्रा हों, वह भी जांच के दायरे में हैं। उन पर भी जांच होगी। उन लोगों का नाम एफआईआर में है, जो एसआईटी की रिपोर्ट में है। चंपत राय, अनिल कोई भी इस जांच के दायरे से बाहर नहीं हैं और न ही ऐसा कोई इरादा है।

### सोमवार को दोबारा पेश करेंगे

अयोध्या सीजेएम कोर्ट के अभियोजन अधिकारी केसी वर्मा ने बताया कि सभी आठ आरोपियों को जेल भेजा गया है। सोमवार को आरोपियों को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। एक आरोपी को छोड़कर शेष सात आरोपियों से कुल 79 लाख 85 हजार 493 रुपए बरामद किए गए हैं।

### ट्रस्ट का पुनर्गठन किया जाएगा

बताया जाता है कि ट्रस्ट के पुनर्गठन की कवायद शुरू हो गई है। ट्रस्ट के पुनर्गठन और उसमें नए ट्रस्टी की नियुक्ति का निर्णय पीएम नरेंद्र मोदी, संघ प्रमुख मोहनराव भागवत और सीएम योगी आदित्यनाथ की सहमति से ही होगा। ट्रस्ट में एक सेवानिवृत्त आईएएस या सेवानिवृत्त न्यायाधीश को बतौर सीईओ नियुक्त किया जा सकता है।

# ऑपरेशन सिंदूर के छह शहीदों के नाम पहली बार सार्वजनिक

▶▶ **राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर अंकित हुए ऑपरेशन सिंदूर के वीर जवानों के नाम**



**नईदुनिया ब्यूरो, नई दिल्लीः** ऑपरेशन सिंदूर के दौरान शहीद हुए भारतीय सशस्त्र बलों के छह जवानों के नाम पहली बार आधिकारिक रूप से सार्वजनिक किए गए हैं। इन नामों को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की वेबसाइट के 'रोल ऑफ ऑनर' में शामिल किया गया है। साथ ही नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक की त्रि-आयामी दीवार पर वर्ष 2025 के खंड में भी उनके नाम अंकित किए गए हैं।

राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के त्याग चक्र में ग्रेनाइट की 16 गोलाकार दीवारें हैं, जिन पर स्वतंत्रता के बाद देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों के नाम, पद और इकाइयों का उल्लेख किया गया है।

यह सैन्य अभियान 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद चलाया गया था, जिसमें 26 पर्यटकों की हत्या कर दी गई थी। इसके जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने छह और सात मई की रात पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की थी। सरकार के अनुसार इस अभियान में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए थे। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक हवाई संघर्ष चला तथा 10 मई को दोनों देशों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति बनी।

छह शहीदों में से दो को मरणोपरांत वीरता सम्मान भी प्रदान किया जा चुका है। राइफलमैन सुनील कुमार को वीर चक्र तथा सार्जेंट सुरेंद्र कुमार को वायु सेना पदक से सम्मानित किया गया। ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकवादी संगठनों से जुड़े नौ ठिकानों को निशाना बनाया था।

### तीन माह के बेटे को लेकर बैठक में पहुंचीं मंत्री पोरमोख्तारी



**लक्जमबर्ग, एजेंसीः** स्वीडन की जलवायु मंत्री रोमिना पोरमोख्तारी अपने तीन माह के बेटे एडम को गोद में लेकर यूरोपीय संघ के जलवायु मंत्रियों की बैठक में शामिल हुईं। बैठक के दौरान उन्होंने शिशु को संभालते हुए अपना संबोधन भी दिया। बाद में उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य यह संदेश देना था कि महिलाओं को परिवार और करियर में से किसी एक को चुनने के लिए विवश नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि मां बनने का अर्थ करियर का अंत नहीं है। मंत्री के इस कदम की सामाजिक माध्यमों पर व्यापक सराहना हो रही है और इसे कामकाजी महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बताया जा रहा है।

# मलबे में दबीं जिंदगियाँ

## 589 की मौत, 3000 घायल, 39 हजार लापता

**कराकस, एजेंसीः** दक्षिण अमेरिकी देश वेनेजुएला में आए दो भीषण भूकंपों के बाद राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी हैं। अब तक 589 लोगों की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 3000 से अधिक लोग घायल बताए गए हैं। बचाव दल मलबे में फंसे लोगों को निकालने के लिए लगातार अभियान चला रहे हैं और अब तक सैकड़ों लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। रेस्क्यू टीम ने ढह चुकी इमारत की छत को तोड़कर एक नवजात बच्ची को सुरक्षित बाहर निकाला। मलबे के नीचे दबी एक गर्भवती महिला ने बच्ची को जन्म दिया।

बुधवार, 25 जून को वर्ष 1821 के काराबोबो युद्ध की स्मृति में राष्ट्रीय अवकाश होने के कारण अधिकांश लोग अपने घरों में मौजूद थे और फीफा विश्व कप का मुकाबला देख रहे थे। इसी कारण बड़ी संख्या में लोगों के मलबे में दब जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। स्थानीय समाचार माध्यमों के अनुसार अनेक स्थानों पर मलबे के भीतर से लोगों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। सरकार ने देर रात बताया कि 39 हजार से अधिक लोग अब भी लापता हैं। अधिकारियों का कहना है कि इस आपदा से हुई वास्तविक जनहानि और क्षति का पूरा आकलन अभी शेष है।



**पीएम मोदी ने की कार्यवाहक राष्ट्रपति रोड्रिग्ज से बात**

*कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने पूरे देश में आपातकाल घोषित कर दिया है। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेल्सी रोड्रिग्ज से दूरभाष पर बातचीत कर भारत की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराने की पेशकश की है।*

**भारत ने राहत सामग्री भेजी**

*भारत ने भूकंप प्रभावित वेनेजुएला की मदद के लिए 'ऑपरेशन अमिस्ताद' शुरू किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बताया कि भारतीय वायुसेना के दो सी-17 विमान भारतीय सेना की फील्ड हॉस्पिटल यूनिट और 35 टन से ज्यादा राहत सामग्री लेकर वेनेजुएला के लिए रवाना हो गए हैं। उन्होंने कहा कि भारत इस कठिन समय में वेनेजुएला के साथ खड़ा है और राहत एवं बचाव कार्यों में हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।*

### लोकतंत्र सेनानियों को तीर्थ दर्शन, उपचार व ताम्रपत्र की सौगात

# लोकतंत्र की रक्षा करने वालों का ऋण नहीं चुका सकते: डॉ. यादव

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और सशक्त लोकतंत्र ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। लोकतंत्र सेनानियों ने संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अमानवीय यातनाएं सहन कीं तथा अनेक लोगों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि देशवासी लोकतंत्र सेनानियों का ऋण कभी नहीं चुका सकते। उनकी बदौलत ही देश की एकता, विविधता, अखंडता और लोकतांत्रिक व्यवस्था सुरक्षित है।

लोकतंत्र सेनानी स्मृति दिवस पर रवीन्द्र भवन में आयोजित प्रादेशिक लोकतंत्र सेनानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत लोकतंत्र सेनानियों के लिए विशेष रेलगाड़ी की व्यवस्था की जाएगी। शासकीय विश्रामगृहों में दो दिन तक ठहरने की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। लोकतंत्र सेनानियों के उपचार का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी तथा गंभीर स्थिति में उन्हें प्रधानमंत्री श्री वायु एंबुलेंस सेवा की निःशुल्क सुविधा भी मिलेगी।



मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सभी लोकतंत्र सेनानियों को ताम्रपत्र प्रदान किए जाएंगे। दिवंगत लोकतंत्र सेनानियों के नाम पर शिलालेख स्थापित किए जाएंगे तथा उनके गांव, कस्बे या नगर में स्थित सार्वजनिक भवनों, उद्यानों और सड़कों का नामकरण भी उनके नाम पर किया जाएगा। सम्मान निधि प्राप्त करने वाले लोकतंत्र सेनानियों को आवश्यकता अनुसार बैंक अथवा शाखा बदलने की सुविधा भी दी जाएगी। साथ ही सभी शासकीय कार्यालयों में उन्हें सम्मान और प्राथमिकता के साथ सुना जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जावरा निवासी 96 वर्षीय लक्ष्मी नारायण पाटीदार, 95 वर्षीय शांतिलाल संघवी तथा पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता का सम्मान किया। सम्मेलन के दौरान आपातकाल पर आधारित लघु चलचित्र का प्रदर्शन किया गया तथा चित्र प्रदर्शनी का भी अवलोकन कराया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा के लिए लोकतंत्र सेनानियों के संघर्ष को देश के इतिहास का महत्वपूर्ण अध्याय बताया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और समर्पण ने लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, राज्यमंत्री कृष्णा गौर, विधायकगण, लोकतंत्र सेनानी संघ के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा प्रदेशभर से आए लोकतंत्र सेनानी उपस्थित रहे।

### सबसे ऊंची इमारत से टकराया छोटा विमान



***बीजिंग, एजेंसीः*** *चीन की राजधानी बीजिंग में एक छोटा विमान 109 मंजिला इमारत से टकरा गया। 'चाइना जुन' नाम से प्रसिद्ध इस इमारत को एहतियात के तौर पर पूरी तरह खाली करा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार घटना में किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। दुर्घटना के बाद ऊपरी मंजिलों के शीशे टूट गए और विमान के टुकड़े नीचे गिरते दिखाई दिए। भूतल के समीप धुआं भी उठता देखा गया। यह चीन निर्मित हल्का बी-12पीपी मॉडल विमान था, जिसमें केवल पायलट सवार था। उड़ान के दौरान पायलट से संपर्क टूटने के बाद विमान निर्धारित मार्ग से भटक गया और हादसा हो गया।*

# गैस टैंकर टोल प्लाजा से टकराया चालक की जिंदा जलकर मौत

**नईदुनिया ब्यूरो, कौशांबीः** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले में शुक्रवार सुबह लगभग छह बजे एक रसोई गैस टैंकर अनियंत्रित होकर सिहोरी टोल प्लाजा से टकरा गया। टक्कर के बाद तेज विस्फोट हुआ और टैंकर में भीषण आग लग गई। हादसे में टैंकर चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। आग इतनी भीषण थी कि चालक का केवल अस्थि अवशेष ही बरामद हो सका। घटना में टोल प्लाजा के पांच कर्मचारी भी झुलस गए। सूचना मिलने पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने लगभग आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक टोल प्लाजा के यार्ड में खड़ी 16 मोटरसाइकिलें और दो कारें पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुकी थीं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और टोल प्लाजा के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। लगभग दो किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और आग की लपटें दिखाई देती रहीं।



### महिला तहसीलदार के पास 20 करोड़ रुपये की संपत्ति

**नईदुनिया ब्यूरो, हैदराबादः** हैदराबाद के शमीरपेट की निलंबित तहसीलदार सुचारिता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने उनके विरुद्ध आय से अधिक संपत्ति का नया प्रकरण दर्ज किया है। जांच के दौरान अधिकारियों को लगभग 20 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति, नकदी, आभूषण तथा अन्य परिसंपत्तियों का पता चला है। इनमें लगभग पांच करोड़ रुपये की बेनामी संपत्ति होने की जानकारी भी सामने आई है। सुचारिता को मई माह में 30 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वर्तमान में वह न्यायिक अभिरक्षा में हैं।



### ट्रक और पिकअप की टक्कर, आठ लोगों की मौत



***नईदुनिया ब्यूरो, रामगढ़ः*** *झारखंड के रामगढ़ जिले में गुरुवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। दुर्घटना रजरप्पा थाना क्षेत्र के लारी-बरलौंग के पास रामगढ़-बोकारो मुख्य मार्ग पर हुई। कोयला लदे एक ट्रक ने पिकअप वाहन को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे पिकअप के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोग बैंड-ताशा दल से जुड़े थे और उनके वाद्य यंत्र सड़क पर बिखर गए। हादसे में सात लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को उपचार के लिए रांची भेजा गया, जहां उसने भी दम तोड़ दिया। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। दुर्घटना में पिकअप वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और कई शव वाहन के भीतर ही फंस गए।*

**कुप्रथा** — सामाजिक बहिष्कार से परेशान परिवारों ने कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार ...

# घी के मालपुए नहीं बने तो 43 परिवारों का हुक्का-पानी बंद

**नईदुनिया ब्यूरो, सिरोहीः** सिरोही जिले के बरलूट थाना क्षेत्र स्थित मंडवारिया गांव में मृत्युभोज में घी के मालपुए नहीं बनवाकर सादा भोजन कराने के बाद एक परिवार सहित कुल 43 परिवारों के सामाजिक बहिष्कार का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवारों ने आरोप लगाया है कि समाज के कुछ पंचों ने उनके विरुद्ध हुक्का-पानी बंद करने का फरमान जारी कर दिया, जिसके कारण उन्हें राशन, पानी और सामाजिक संबंधों जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित किया जा रहा है। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर सभी प्रभावित परिवार जिला कलेक्टर के पास पहुंचे और ज्ञापन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़ित परिवारों के अनुसार गांव निवासी सदाराम का 5 जून को निधन हो गया था। 17 जून को आयोजित मृत्युभोज में आर्थिक तंगी के कारण परिवार घी के मालपुए नहीं बनवा सका और सादा भोजन कराया गया। आरोप है कि इससे नाराज समाज के कुछ पंचों ने 18 जून को संबंधित परिवार तथा उनका समर्थन करने वाले 42 अन्य परिवारों को समाज से बाहर करने का निर्णय सुना दिया।

पीड़ितों का कहना है कि बहिष्कार के बाद गांव के दुकानदार राशन देने से इनकार कर रहे हैं। सार्वजनिक कुएं से पानी भरने नहीं दिया जा रहा है तथा खेतों में मजदूरी भी नहीं मिल रही है। इससे कई परिवारों के सामने आजीविका का संकट खड़ा हो गया है और बच्चों तक को भूखे सोना पड़ रहा है। परिवारों ने यह भी आरोप लगाया कि पंचों ने शादी-विवाह और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में शामिल होने पर भी रोक लगा दी है। यदि कोई व्यक्ति इस निर्णय की अवहेलना करता है तो उससे 11 हजार रुपये का दंड तथा पूरे समाज को सामूहिक भोजन कराने की शर्त रखी गई है। इस कारण कई परिवार अपने निकट संबंधियों के विवाह समारोहों में भी शामिल नहीं हो सके।



पीड़ितों का कहना है कि उन्होंने 20 जून को बरलूट थाने में नामजद शिकायत दी थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद सभी प्रभावित परिवार कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रशासन से सुरक्षा तथा न्याय की मांग की। उधर, जांच अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। उनका कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा प्रतीत होता है।